तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025

12 3 माह का राशन समय पर और पूरी मात्रा में उपलब्ध कराया जाए



12 सेल्फी लेने के चक्कर में गिरा तीरथगढ़ जलप्रपात से, नाबालिग की हुई मौत





## खबर संक्षेप

### कलेक्टोरेट में जनदर्शन हुआ शुरू अपर कलेक्टर ने लिया आवेदन



**जगदलपुर।** सप्ताह के प्रथम दिन सोमवार को कलेक्टर हरिस एस के निर्देशन पर जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर सी पी बघेल ने जनदर्शन में उपस्थित आवेदनकत्ताअरं से माँग और शिकायत प्राप्त कर आवेदन को संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पर्यटन नगरी बारसूर में होगा वार्षिक सम्मेलन

**गीदम।** जिले के पर्यटन नगरी बारसूर के पास हितामेटा पंचायत में पदाम परिवार का भव्य सम्मेलन आयोजित होगा। यहां पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश व तेलंगाना सहित बस्तर से विभिन्न जनजाति परिवार के सदस्य वार्षिक सम्मेलन में होंगे शामिल। सुखमन कश्यप ने बताया कि यहां बस्तर संभाग के सभी सदस्यों के साथ- साथ स्थानीय कुल देवी देवताओं का भी आगमन होगा और अन्य राज्यों से आ रहे अतिथियों के स्वागत और परंपरा अनुसार होगा, यहां परंपरा अनुसार पूजन के बाद उदबोधन का सिलसिला शुरू होगा। 4 जून को किया जा रहा है।

### छात्रावासों में प्रवेश के लिए परीक्षा देनी होगी

**जगदलपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अन्तर्गत संचालित बालक एवं कन्या क्रीड़ा परिसर धरमपुरा तथा कन्या क्रीड़ा परिसर भानपुरी में रिक्त सीटों के विरूद्ध नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के तहत अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 6 वीं से 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 11 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य हो, ऐसे छात्र-छात्राओं से उक्त संस्थानों में प्रवेश के लिए 18 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। नियत तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। बालक क्रीडा परिसर धरमपुरा में 55, कन्या क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में 20 और कन्या क्रीड़ा परिसर भानपुरी में दो सीट रिक्त है। छात्र-छात्राओं की चयन सूची मेरिट के आधार पर जारी होगा। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्पधाअरं में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार 19 से 28 जून तक प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक बैटरी टेस्ट बालक क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में आयोजित किया जाएगा।

# प्रयास आवासीय विद्यालय के 7 विद्यार्थियों का जेईई मेंस में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धुरगुड़ा प्रयास आवासीय विधालय के बच्चों का जेईई मेंस जैसे कठिन परीक्षा में चयन हुआ है। आईआईटी संस्था में आगे की शिक्षा ग्रहण करेंगे। पहली बार बस्तर के 7 आदिवासी विद्यार्थियों का चयन जेईई मेंस में हुआ है।

विदित हो कि प्रयास आवासीय विद्यालय जगदलपुर में कक्षा 12वीं गणित संकाय (जेईई मेंस) में 37 छात्र-छात्राओं अध्ययनरत थे, जिसमें से कुल 7 बच्चे जेईई मेंस क्वालीफाई किया था। विगत 14 मई को रायपुर में इन सभी बच्चों को मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष आदिवासी विकास विभाग के मंत्री ने सम्मनित किया था। 2 जून को जारी किए गए परिणाम अनुसार 5 बच्चों ने जेईई एडवांस क्वालीफाई कर आईआईटी प्रवेश उत्तीर्ण कर लिया है। यह सभी बच्चे ग्रामीण क्षेत्र से आते है। चयन होने वालों में वेदान्त कोड़ोपी ग्राम कोटतरा ब्लाक चारामा जिला कांकेर, कृष्ण ओयाम ग्राम धरमा ब्लाक भैरमगढ़ जिला बीजापुर, माखन नेताम ग्राम डुमरपदर ब्लाक केशकाल जिला कोण्डागांव, विष्णु नेताम ग्राम तितखंड ब्लाक बडेराजपुर जिला कोण्डागाँव, युवराज कश्यप ग्राम कुदालगॉव बस्तर सम्मलित है। सहायक आयुक्त गणेश शोरी एवं विद्यालय के प्राचार्य सुधीर कुमार दुबे ने जानकारी दी।

**आईआईटी में जाएंगे आदिवासी बच्चे**



### 2013-14 से संचालित है विद्यालय

विदित हो कि वर्ष 2013-2014 से प्रारंभ 'प्रयास' आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित, राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों के विशेषकर अनुसूचित जाति व जनजाति के बच्चों को उत्कृष्ट अध्यापन सुविधा देने के उद्देश्य से प्रयास आवासीय विद्यालय धुरगुड़ा में संचालित है। इस विद्यालय में स्वीकृत सीट बालक 300 तथा कन्या 200 कुल 500 है। वर्तमान में इस आवासीय विद्यालय मे बालक 272 बालिका 182 कुल 454 छात्र-छात्राओं दर्ज रह कर अध्ययन कर रहे है। इस योजना में सभी संवर्गों को लाभ दिया जाता है। एसटी 53 प्रतिशत एससी, 13 प्रतिशत, ओबीसी 20 प्रतिशत, सामान्य 10 प्रतिशत एवं विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षित है।

## समस्या : केंद्र सरकार के बराबर कमीशन देने पर अड़े दुकानदार

# राशन दुकानदारों के हड़ताल पर चले जाने से 485 दुकानों में तालाबंदी की बनी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ द्वारा राज्य शासन, केन्द्र शासन के बराबर कमीशन देने, लंबित बारदाना की राशि 2018 से 2024 तक की दिलाने, ई-पॉस का 21 रुपए कमीशन विक्रेताओं को दिया जाए। ई-पॉस का सर्वर व वर्जन बदला जाए। खाद्यान्न की कटौती का एम2+ पद्धति बंद की जाए। प्रतिशत खाद्यान्न सूखत झड़त दिया जाए, कमीशन की राशि हर माह देने की मांग सहित हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके चलते राशन दुकानों में तालाबंदी की स्थिति है।

- बारदाना की राशि 2018 से 2024 तक देने
- ई-पास का 21 रुपये कमीशन देने की मांग

बताया गया कि बारदाना की 30 प्रतिशत राशि, कमीशन और सर्वर की समस्या की मांगें प्रशासन ने मान ली है। इन मांगों को लेकर जिले के 485 राशन दुकानदार काम छोड़कर हड़ताल कर रहे हैं। ऐसे में 2 जून को प्रस्तावित चावल उत्सव रद्द करना पड़ा। राशन दुकानदारों के हड़ताल खत्म करने खाद्य विभाग के अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचे। इसलिए राशन दुकानदारों का धरना आज दूसरे दिन भी पुराने मंडी परिसर में जारी रहा।

छत्तीसगढ़ के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारी और राशन दुकानदार 1 जून से हड़ताल पर बैठे हैं।



संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि 3 दिन के अंदर अन्य मांगों पर सहमति बनने पर हड़ताल समाप्त कर दिया जाएगा। सहमति नहीं बनने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया जायेगा। इसका खामियाजा 2 लाख से अधिक गरीब परिवार के लोगों को भुगतना पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार स्थानीय प्रशासन के पहल पर राशन दुकान संचालक व दुकानदारों की मांग पूरी की जाएगी। सब कुछ ठीक रहा तो आगामी 5 जून से राशन दुकान खुलने के संकेत है।

### हड़ताल से चावल उत्सव प्रभावित

जिला प्रशासन द्वारा 2 जून से चावल उत्सव आयोजित करने की तैयारी की थी। इस बीच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ अपनी 7 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए है। इस बात की पुष्टि जिला खाद्य नियंत्रक ने की है।



### शासन मांगों पर ध्यान नहीं दे रही

छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के राजेश सेठिया और अजंबर सेठिया ने बताया कि बार-बार शासन को अपनी मांग और समस्या बताने के बाद भी शासन द्वारा हम लोगों की मांगो पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते बाध्य होकर राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के बैनर तले 1 जून से अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर है। पुराना कृषि उपज मंडी में धरना प्रदर्शन चल रहा है।

### 3 मांगों को शासन ने माना

छत्तीसगढ़ के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ द्वारा राज्य शासन, केन्द्र शासन के बराबर कमीशन देने। लंबित बारदाना की राशि 2018 से 2024 तक की दिलाने। ई-पॉस का 21 रुपए कमीशन विक्रेताओं को दिया जाए। ई-पॉस का सर्वर व वर्जन बदला जाए। खाद्यान्न की कटौती का एम2+ पद्धति बंद की जाए। प्रतिशत खाद्यान्न सुखत झड़त दिया जाए। कमीशन की राशि हर माह देने की मांग भी की है। इनमें बारदाना की 30 प्रतिशत राशि, कमीशन और सर्वर की समस्या की मांगे प्रशासन ने मान ली है।

# अवैध परिवहन करते 4 वाहन मालिकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गौण खनिज का अवैध उत्खनन, परिवहन पर जिले में लगातार कार्रवाई जारी है । खनिज विभाग द्वारा 31 मई को रात्रि लगभग 8-9 बजे के बीच तारापुर के ग्रामीणों द्वारा रेत का अवैध परिवहन के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर, खनिज अधिकारी के नेतृत्व में दल ने मौके में पहुंचकर जांच किया। आकस्मिक निरीक्षण में रेत का अवैध परिवहन करते चार वाहन चालक मौके से फरार हो गए थे। रात में खनिज दल द्वारा तारापुर, बनियागांव, टलनार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया और फरार वाहन चालक को पकड़ कर 1 जून की सुबह एक हाइवा और तीन टिप्पर मालिकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहनों को पुलिस थाना नगरनार की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।

- आकस्मिक निरीक्षण में खनिज विभाग ने पकड़ा रेत से भरा वाहन

इसके अलावा 1 जून को सुबह 8:30 बजे भसकली नदी ग्राम तारापुर में रेत का अवैध उत्खनन के उद्देश्य से खड़े एक चैन माउंटेन मशीन को जप्त कर वाहन ऑपरेटर को सुपुर्दगी में देते हुए नोटिस दिया गया। खनिज जांच दल में खनिज अधिकारी शिखर चेरपा, खनि निरीक्षक मिदुल गुहा, सिपाही डीकेश्वर खरे, सीताराम नेताम, विकास नायक, जलंधर बघेल, महादेव सेठिया, संतोष सहारा उपस्थित थे। खनिज अधिकारी ने बताया कि रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए अवैध परिवहनकताअरं तथा उत्खननकर्ता के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग पर रोक लगाने संघ की सांसद से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्रीष्मावकाश के दौरान युक्तियुक्तकरण काउंसलिंग की तिथि को लेकर उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर सर्व शैक्षिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद महेश कश्यप से भेंट की। संघ ने काउंसलिंग पर तत्काल रोक लगाने एवं इसे 16 जून के बाद करने की मांग की।

- 16 जून के बाद कराने की मांग
- सांसद ने कलेक्टर एवं डीईओ को दिए निर्देश

सांसद को संगठन ने यह भी सुझाव दिया कि बस्तर विकास प्राधिकरण का गठन बस्तर के विकास के लिए किया गया है। शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण बस्तर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत कराया जाए। सभी स्कूलों में शिक्षकों की अधिक कमी का समायोजन स्कूल शिक्षा विभाग वर्ष 2008 का सेटअप जो वित्त विभाग छग शासन से स्वीकृत है, उसी के अनुरूप शिक्षकों की पद स्थापना की जाए।



बताया गया कि 2021 में भर्ती सहायक शिक्षकों की परीक्षा 13 जून को समाप्त हो रही है, जिनकी संख्या लगभग 220 है। इसके अतिरिक्त, जून माह के अंत तक नवीन भर्ती के अन्य शिक्षकों की भी परीक्षाएं चल रही हैं। संघ ने यह भी ज़ोर देकर कहा कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में वरिष्ठ शिक्षकों को कनिष्ठ पदों पर भेजे जाने जैसी स्थिति बन रही है, जिससे असंतोष ⏭ शेष पेज 10 पर

# फरार विचाराधीन बंदी के संबंध में एसडीएम ने जारी की सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

न्यायालय अनुविभागीय कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जेल अधीक्षक, जिला जेल से प्राप्त पत्र के अनुसार जेल में परिरुद्ध विचाराधीन बंदी महेन्द्र दीवान पिता फूलदास उम्र 25 वर्ष निवासी चितालंका कलार पारा दंतेवाड़ा 3 अप्रैल 2025 की संध्या को दीवार फांदकर फरार हो गया है।

थाना दन्तेवाड़ा में मामला दर्ज है। उक्त घटना के संबंध में दण्डाधिकारी जांच न्यायालय अनुविभागीय कार्यालय के द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर की जा रही है। उक्त घटना के संबंध में किसी भी व्यक्ति, आम जनता को किसी भी प्रकार की आवश्यक जानकारी हो, तो 16 जून तक जानकारी दे सकते हैं।

# वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर खेती के उन्नत तरीकों की जानकारी किसानों को देंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से प्रारंभ किया गया है जो 12 जून तक चलेगा। इस दौरान कृषि एवं समवर्गी विभाग एवं वैज्ञानिक गांव-गांव पहुंचकर खेती के उन्नत तरीकों की जानकारी भी किसानों को देंगे।

उक्त अभियान अन्तर्गत सोमवार को विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत मुण्डागांव, घोटिया विकासखण्ड बकावण्ड के राजनगर, कचनार, एवं विकासखण्ड लोहण्डीगुडा के बड़ाजी एवं बेलर में कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों, कृषि एवं समवर्गी विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई। विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोगए फसल बीमा की जानकारी दी गयी जिसमें बढ़ी संख्या में कृषक बन्धु, एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

**खास बातें**

- विकसित कृषि संकल्प अभियान
- किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने पर फोकस

### ड्रोन दीदी और लखपति दीदी साम्मलित होंगे

टीम में आईसीएआर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, एफपीओ, एफआईजी के प्रतिनिधि, ड्रोन दीदी और लखपति दीदी सम्मलित होंगी।

## यूजीसी के तय मापदंडों का भर्ती प्रक्रिया में पालन किया गया

# शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में योग्य अभ्यर्थियों का चयन : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में रिक्त पदों की भर्ती की प्रक्रिया के लिए अक्टूबर में विज्ञापन जारी किए गए थे। जिसके आधार पर 500 आवेदकों ने आवेदन विश्वविद्यालय प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत किया। भर्ती प्रक्रिया यूजीसी के तय मापदंडों के आधार पर की गई। उसके बाद ही योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया। यह कहना है शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनोज श्रीवास्तव का। दरअसल भर्ती में गड़बड़ी की मिल रही लगातार शिकायत के बाद 2 जून को कुलपति ने पत्रकारवार्ता में जवाब दिए। उन्होंने भर्ती के समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करते यूजीसी के हर मापदंड का पालन करते योग्य विषय विशेषज्ञों द्वारा पारदर्शिता के साथ योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयन होने वाले सभी अभ्यर्थी पीएचडी और कुछ गोल्ड मेडलिस्ट है। शिकायत करने वाले अभ्यर्थी यूजीसी के निर्धारित मापदंडों पर खरे नही उतरे इसलिए उनका चयन नही हो पाया।

- आरोपों को कुलपति ने किया खारिज



विदित हो कि विश्वविद्यालय में 59 पदों की भर्ती प्रक्रिया की गई। जिसमें 10 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। कुलपति के अनुसार 10 में 3 अभ्यर्थी स्थानीय बस्तर से है। कुलपति ने बताया पात्रता और अपात्रता निर्धारित करने के लिए चयन कमेटी बनाई थी और छानबीन कमेटी बनाई गई थी। सबंधित पदों में भर्ती के लिए अभ्यर्थियो द्वारा प्रस्तुत आवेदनों की जांच छानबीन समिति द्वारा पूरी सूक्ष्मता के साथ करके इंटरव्यू के योग्यता रखने वालों को ही सलेक्ट किया गया। कुलपति के अनुसार एक-एक अभ्यर्थी का साक्षात्कार 45-45 मिनिट का किया गया। कुलपति ने कहा कि कई अभ्यर्थी जो पीएचडी किए हैं लेकिन विषय विशेषज्ञों के समक्ष किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे पाए, जिसके चलते विषय विशेषज्ञों द्वारा उन्हें कोई भी अंक नहीं देने से वे अपात्र हो गए।

**एक ही आवेदन के चलते दिव्यांग का चयन नहीं :** कुलपति के अनुसार दिव्यांग के प्रति उदासीनता का जो आरोप लगाया जा रहा है वह भी पूर्णतः गलत है, क्योंकि केवल एकमात्र अभ्यर्थी का आवेदन प्राप्त हुआ था, इसलिए उस पर चयनित किया जाना संभव नहीं था। आरक्षण रोस्टर पालन नहीं किए जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि जिन विषयों के लिए ⏭ शेष पेज 10 पर

### चयनित 10 अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं

कुलपति ने यह भी बताया कि चयनित 10 अध्यापकों की अधिकतम आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं है। विश्वविद्यालय किसे लाभ देना चाहता है, यह शिकायत समझ से परे है। उन्होंने कहा कि केवल नौकरी देने का दायित्व विश्वविद्यालय का नहीं है यदि शिक्षक योग्य हैं तभी उनका चयन किया जाएगा।

### 11 विभागों में रिक्त 59 शिक्षकीय पदों पर भर्ती

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के 11 विभागों में रिक्त 59 शिक्षकीय पदों सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और प्राध्यापक के लिए भर्ती की प्रक्रिया यूजीसी के अधिनियम 2018 के अनुपालन एवं विश्वविद्यालय नियमों का अनुपालन करते हुए भर्ती किया गया है। प्रत्येक विषय के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। जिनके द्वारा रिसर्च पेपर पर अंक प्रदान किया जाना था। सभी आवेदन पत्रों की जांच गोपनीयता के साथ की गई।

## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 29 जुलाई तक

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रलय द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्णतः पाठ्य सहगामी आवासीय विद्यालय हैं। प्रतिवर्ष के भांति कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए वर्तमान सत्र 2025–26 में पांचवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### लौह अयस्क की चोरी करते हाईवा पकड़ाया



**किरंदुल।** लौह नगरी किरंदुल से एनएमडीसी के एमबी साइडिंग मित्तल कंपनी के पास से लौह अयस्क चोरी करते हाईवा को ड्यूटी में तैनात गार्ड ने पकड़ा। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना क्षेत्र में इन दिनों एनएमडीसी के खदानों से निकलने वाले लौह अयस्क की तस्करी का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। उल्लेखनीय हैं कि विगत वर्ष जुलाई में भी एनएमडीसी किरंदुल के लोडिंग प्लांट के यार्ड से अवैध रूप से लौह अयस्क भरकर जा रही ट्रक को सीआईएसएफ ने पकड़कर वन विभाग सौंपा था। वहीं कुछ ही दिनों बाद अक्टूबर में एनएमडीसी किरंदुल के एमबी साइडिंग से लौह अयस्क भरकर जा रही दो ट्रकों को दंतेवाड़ा में पकड़ा गया था। रविवार को भी किरंदुल परियोजना के एमबी साइडिंग से लौह अयस्क भरकर जा रही किलेपाल के यादव की हाईवा नंबर सीजी 20 जे 7769 को पकड़ा गया है। ड्राइवर गाड़ी खड़ी कर फरार हुआ। फिलहाल लौह तस्करी कर रही हाइवा किरंदुल पुलिस थाना में खड़ी है और एनएमडीसी अधिकारियों ने लिखित में शिकायत दर्ज किया है। किरंदुल थाना में 305 बीएनएस और 106 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।

## पेज 9 के शेष

### युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग पर...

व्याप्त है। सांसद ने शिक्षकों की बात को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा की। काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने तथा इसे 16 जून के बाद आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। संघ ने सांसद का आभार प्रकट किया।
**ये रहे उपस्थित :** प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, शैलेन्द्र तिवारी,देवराज खूंटे, अखिलेश त्रिपाठी, लूदर्शन कश्यप आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय...

अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। वह विषय विशेषज्ञों के समक्ष अपने योग्यता प्रदर्शित करने में सफल नहीं हुए,इसलिए उन्हें पद के अयोग्य घोषित किया गया है।
**भर्ती प्रक्रिया जारी होने पर भी आवेदन कर सकते :** भर्ती विज्ञापन जारी होने पर फिर से आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा के सवाल पर उन्होंने कहा कि विज्ञापन में अधिकतम आयु सीमा 30 बताई गई थी। उसके आधार पर अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष की छूट दिए जाने का नियम है। लेकिन यूजीसी के नियमों में अधिकतम आयु वर्ग का कोई उल्लेख नहीं है। रूरल टेक्नोलॉजी में विषय विशेषज्ञ की जगह बायोटेक्नोलॉजी,एग्रीकल्चर विशेषज्ञ, फॉरेस्ट्री विशेषज्ञ को शामिल करने का प्रावधान है। अभ्यर्थियों के लिए रूरल टेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर की अहर्ता रखी गई थी क्योंकि विगत 15 वर्षों से रूरल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा है जिसके चलते योग्य शिक्षकों की नियुक्ति हो सके।

---

### बुद्ध शांति पार्क का शुभारंभ, सड़कों, विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों सहित दर्जनों परियोजनाओं को दी स्वीकृति

# मुख्यमंत्री ने कोण्डागांव को दी 94 करोड़ से ज्यादा की 51 विकास योजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड के ग्राम भोंगापाल में जिलावासियों को 94 करोड़ रुपए से अधिक के 51 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 28.51 करोड़ रुपये से अधिक के 28 लोकार्पण कार्य और 65.66 करोड़ रुपये से अधिक के 23 भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्य शामिल हैं।

■ हितग्राही योजनाओं के अंतर्गत महिलाओं को वितरित की गई सामग्री, स्थानीय विकास को मिलेगा नया आयाम

मुख्यमंत्री ने भोंगापाल में बुद्ध शांति पार्क का शुभारंभ किया, साथ ही जल जीवन मिशन के तहत धनसुली, नालाझर, अमरवती, गारावंडी, सिरसीकलार, पिटेचुंआ और कलेपाल में निर्मित कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने खरगांव से जबरूडीह तक तीन किलोमीटर लंबी सड़क, छिंदली से डोंडरापाल तक छह किलोमीटर सड़क, जैतपुरी से गिरोला तक सड़क, केशकाल के कोहकामेटा में हाई स्कूल भवन, चिपावण्ड में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, परोदा से परिपथ मार्ग तक साढ़े चार किलोमीटर सड़क, खाले मुरवेण्ड में प्री–मैट्रिक कन्या छात्रवास, कोरकोटी और बबई में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन, बांसकोट में आयुष औषधालय भवन, चिंगनार के ऑयल पॉम रोपण प्रक्षेत्र में चौनलिंक फेंसिंग और गेट निर्माण, केशकाल जनपद पंचायत के विभिन्न 9 स्थानों पर पुलिया और अनतपुर में पुलिया का भी लोकार्पण किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक सुश्री लता उसेंडी, विधायक नीलकंठ टेकाम, बौद्ध धर्मगुरु भदन्त आर्य नागार्जुन सुरई ससई, अनिल खोब्रागड़े संयोजक बुद्ध महोत्सव और बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के अनुयायी, प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



### प्रमुख भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्य

मुख्यमंत्री ने विश्रामपुरी और माकड़ी में महाविद्यालय भवनों, कोहकामेटा से सिदावण्ड तक पांच किलोमीटर लंबी सड़क, सिलाटी से बंजोड़ा तक पांच किलोमीटर लंबी सड़क, कोंडागांव नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 3 और तमरावण्ड में हाई स्कूल भवन, लुभा, बफना और छिनारी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, कोपाबेड़ा से शिवमंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, वन उसरी में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से नारंगी नदी तक पुल–पुलिया सहित चार किलोमीटर लंबे मार्ग का डामरीकरण, बड़ेकनेरा में नरेश पोयाम घर से डोंगरीगुड़ा तक 10 किलोमीटर लंबे मार्ग का डामरीकरण, लेमड़ी से शामपुर मुख्य मार्ग तक पुल–पुलिया सहित सड़क डामरीकरण, बड़े बेन्दरी प्रज्ञा तालाब से बाखरा पहुंच मार्ग तक पांच किलोमीटर लंबा सड़क निर्माण, करंजी मुख्य मार्ग स्कूल पारा तक पुल–पुलिया सहित तीन किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण, भीरावण्ड से बोलबोला तक साढ़े तीन किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण, बिंजोली से बिंजागुड़ा तक तीन किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण, डोंगरीपारा जोबा मार्ग का निर्माण, दहीकोंगा बड़े कनेरा मुख्य मार्ग से शिव मंदिर तक पहुंच मार्ग, पोहमार से चेराकुर तक छह किलोमीटर सड़क का डामरीकरण, पोहमार से जोड़ेंगा तक ढाई किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण, आंवरी में आरसीसी पुलिया निर्माण, और जिला अस्पताल कोंडागांव में एमसीएच एक्सटेंशन रूम एवं आरसीसी ड्रेन निर्माण कार्य का भूमिपूजन शामिल है।

## मुख्यमंत्री ने भोंगापाल में बम्बू राफ्टिंग केंद्र का किया शुभारंभ

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कोंडागांव जिले के भोंगापाल गांव में प्राचीन शिव मंदिर में पूजा–अर्चना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर में महालक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को कयाकिंग 5 नग नांव प्रदान की। संयुक्त वन प्रबंधन समिति भोंगापाल को तमुर्रा नाला में बम्बू राफ्टिंग के लिए सामग्री का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला समूह के अध्यक्ष सुनीता नाग सहित अन्य सदस्यों से चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि वे गांव के तमुर्रा नाला में कयाकिंग सुविधा संचालित करेंगे, जिससे उन्हें गांव में ही रोजगार मिल सकेगा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी उपस्थित रहे।
**मां के नाम किया सीएम ने किया वृक्षारोपण** – मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्राचीन शिव मंदिर परिसर भोंगापाल में पीपल के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार भी उपस्थित रहे।





### सीएम ने प्राचीन शिव मंदिर में किया दुग्धाभिषेक

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कोंडागांव जिले के भोंगापाल गांव में प्राचीन शिव मंदिर में दुग्धाभिषेक कर पूजा–अर्चना की प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार भी उपस्थित रहे।

### भोंगापाल में बुद्ध जयंती पर मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना



**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार को बुद्ध जयंती के अवसर पर कोंडागांव जिले के भोंगापाल में भगवान गौतम बुद्ध की पूजा–अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान बोधगया से पधारे बौद्ध साधुवृन्द भंते अश्वजीत महाथेरा, भंते ज्ञानवंश थेरो, भंते शीलवंश थेरो, भंते प्रमोद एवं भंते डीन वियतनाम द्वारा बुद्धं शरणं गच्छामि के मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा–अर्चना करवाया। ज्ञात हो कि भोंगापाल में 6 वीं शताब्दी का प्राचीन बुद्ध प्रतिमा इस क्षेत्र दर्शनीय स्थल है।
**ये रहे मौजूद** – इस मौके पर विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के अलावा कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार और अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में बौद्ध धर्म के अनुयायी मौजूद रहे।

---

## भोंगापाल में सीएम साय ने किया दुधारू पशु प्रदाय योजना का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोंडागांव जिले के भोंगापाल गांव में प्राचीन शिव मंदिर परिसर में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के तहत डेयरी समग्र विकास अंतर्गत दुधारू पशु प्रदाय योजना का शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री ने इस योजना के तहत ग्राम मसौरा निवासी श्रीमती सनिता नेताम और श्रीमती पार्वती नेताम को साहीवाल नस्ल की गाय का वितरण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी साथ में रहे।राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की सहायता से दुधारू पशु प्रदाय योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट के तहत 6 जिलों क्रमशः जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद और सारंगढ़–बिलाईगढ़ के 325 अनुसूचित जनजाति परिवारों के महिला हितग्राहियों को कुल 650 दुधारू पशु प्रदाय किए जाएंगे। इस योजना के तहत अनुसूचित क्षेत्रें में डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा देने और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए अनुसूचित जनजाति परिवारों के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन स्तर में सुधार होगा। इससे दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

■ पायलट प्रोजेक्ट के तहत 6 जिलों को मिलेंगे 650 दुधारू पशु

ये रहे उपस्थित – इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार, पशु चिकित्सा सेवा के संचालक चंद्रकांत वर्मा भी उपस्थित रहे।



### सीएम साय का भोंगापाल हेलीपैड में किया गया आत्मीय स्वागत

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार 1 जून को कोंडागांव जिले के ग्राम भोंगापाल में बुद्ध महोत्सव एवं लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे। इस अवसर हेलीपैड में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। यहां केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम तथा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीयों ने मुख्यमंत्री श्री साय का आत्मीय स्वागत किया।

## मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण को लेकर क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जल संचयन एवं संरक्षण की दिशा में मोर गांव मोर पानी महा अभियान के तहत सभी जनपद पंचायतों में क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में जल संरक्षण एवं संचयन के प्रति जा ग रू क ता लाना तथा गांव में पानी की महत्ता और बचत का तरीके को बताना है जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना न करना पड़े।

■ जनपद पंचायतों में जल बचाव के लिए सरपंचों, सचिवों व विभागीय अमलों को मिल रहा प्रशिक्षण

इस प्रशिक्षण में बताया गया की कैसे किसी संरचना का निर्माण जीआईएस पद्धति से किया जाना है जिससे भू जल स्तर में वृद्धि हो, इस प्रशिक्षण में क्लस्टर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के साथ साथ एनआरएलएम, कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग के मैदानी अमले भी प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए।




### जल संरक्षण की ओर सामूहिक प्रयास

मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत पंचायत के द्वारा पानी बचाबो, जीवन संवारबो, छत्तीसगढ़ ला हरियर बनाबो जैसे नारों से जल संरक्षण का सन्देश पहुंचाया जा रहा है। जिससे ग्रामीण जल की एक एक बूंद का मूल्य समझ सकें।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर प्रशासन सख्त, 18 चालकों के लाइसेंस निलंबित

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अतुल असैया के नेतृत्व में परिवहन विभाग व यातायात विभाग की संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक माह में 18 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। इन चालकों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के आरोप हैं।

संयुक्त जांच के दौरान मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कुल 27 प्रकरणों में 41 हजार 700 रुपए शमन शुल्क वसूला गया। वहीं बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने के 105 मामलों में 70 हजार 200 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। इस प्रकार कुल 1 लाख 11 हजार 900 रुपए का शमन शुल्क वसूलते हुए यह स्पष्ट संकेत दिया है कि नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।




### नियम तोड़ने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अतुल असैया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कोण्डागांव प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि नागरिक ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। यह पहल जिले में यातायात अनुशासन को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शहर के चार शातिर गिरफ्तार

**जगदलपुर।** नगरनार थाना क्षेत्र के गुडमेल में लाखों के जेवरात व नकद चोरी मामले में शामिल चार शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त बाइक, जेवरात समेत 3.79 लाख का सामान बरामद किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था।

मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी गुमडेल निवासी उमेश पाढ़ी ने बताया कि 29 मई को वह किसी काम से बाहर गया हुआ था रात लगभग 12 बजे घर वापस आकर देखा तो एक आदमी मोटर सायकल के साथ घर के पास मोबाइल में बात कर रहा था। घर अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी आलमारी का लॉकर खुला हुआ था। चोरी की खबर लगते ही उसने अपने भतीजों को बुलाकर बाहर खड़े बाइक वाले का पीछा किया। लेकिन वह बाइक छोड़कर भागने में सफल रहा। प्रार्थी द्वारा बाइक क्रमांक सीजी 17 एलबी 6209 में आए अज्ञात चोर द्वारा घर में रखा नकद 45 हजार रुपए सोने चांदी के गहने कीमत 3 लाख 14 हजार 550 रूपए चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।



**गिरफ्तार आरोपियों में यह शामिल :** नगरनार पुलिस द्वारा मौके में मिली बाइक बरामद कर संदेही गणपति सेटठी उर्फ मलिंगा 26 साल निवासी अटलआवास कालीपुर, सरमन सेटठी 18 साल निवासी महावीर नगर अटल आवास, आदर्श नाग उर्फ आनंद 23 साल निवासी मेटगुडा व सोनू बघेल 21 साल निवासी गांधी नगर वार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसके बाद उनके कब्जे से सोने चांदी के जेवरात, मोबाइल, बाइक समेत 3.79 लाख का सामान बरामद किया गया।

## एनीकट में डूबे नाबालिग का शव 24 घंटे बाद कोण्डालूर के करीब मिला

**जगदलपुर।** बस्तर थाना क्षेत्र के भोंड एनीकट में रविवार को डूबे नाबालिग का शव सोमवार को बड़ाजी थाना क्षेत्र के इन्द्रावती नदी स्थित कोण्डालूर के करीब से बरामद किया गया। पिछले 24 घटें में तीरथगढ़ जलप्रपात व एनीकट में डूबने से दो नाबालिगों की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक मामला बस्तर थाना क्षेत्र के भोंड एनीकट का है। यहां बस्तर भरवापदर निवासी तीन दोस्त एनीकट में दोपहर 12 बजे के लगभग नहाने गए हुए थे। इसी दौरान विकास नाग पिता सहादेव नाग 17 वर्ष गहराई में चला गया और पानी में डूब गया। इसकी जानकारी दोस्तों ने ग्रामीणों व परिजनों को दी जिसके बाद बस्तर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही बस्तर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन देर शाम तक प्रयास के बाद भी शव का पता नही लग सका। सोमवार को पुनः तलाशी अभियान शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बा सोमवार सुबह बच्चे का शव बड़ाजी थाना क्षेत्र के इन्द्रावती नदी स्थित कोण्डालूर के करीब से बरामद किया गया। मौके पर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।



**दस्तावेज गुमा**

वालफोर्ट आर्चिड रायपुर में तृतीय तल स्थित फ्लैट क्रमांक ए 305 खसरा नंबर 281/1 रकबा 20989 व.फु., खसरा नंबर 439/1-2 रकबा 8396 व.फु., खसरा नंबर 248/3 रकबा 29600 व.फु. व शीट नंबर 32 खसरा नबर 436/2, 438/28, 441 प्लाट नंबर 32/2 रकबा 690 वर्गफुट सभी का भाग रकबा 1043 वर्गफुट निर्मित क्षेत्रफल व 1410 वर्गफुट सुपर बिल्ड अप, स्थित मौजा पंडरीतराई प.ह.न. 47, पुराना वार्ड 31, शंकर नगर वार्ड नया वार्ड नंबर 30, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित सम्पदा का मूल दस्तावेज सनसिटी जगदलपुर में दिनांक 20.05.2025 को गुम हो गया है काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिला। जिसकी रिपोर्ट थाना कोतवाली जगदलपुर में दर्ज करवाई गई है। जिस की सज्जन को मिले कृपया सूचित करें।

**कुमारी निशा नागवंशी**
**पिता श्री बली नागवंशी**
निवासी 87 सनसिटी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 39 जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.

ॐ

फीचर इम्पैक्ट

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

SILVER JUBILEE BHARTI VISHWAVIDYALAYA 2025-26 25 Chhattisgarh


## भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
- M.Tech / B.Tech / Diploma
- CSE • Civil • ET&T
- Mechanical • Electrical
- Artificial • Intelligence
- & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/science/commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA
- MBA
- DCA
- BCA
- PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A (All Subjects)
- B.Com. (Hons)
- M.Com.
- DSW
- BSW
- MSW
- B.Stat
- M.Stat
- BRS
- MRS
- MPH
- B.Sc (Hons) / M.Sc - All Subject
  - Chemistry • Maths • Physics
  - Biotechnology • Botony • Zoology
  - Microbiology • Computer Science
  - IT • Home Science • Multimedia &
  - Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Corporate Law
- Yoga Science
- Digital Marketing
- Interior Design
- Nutrition & Dietetics
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**

Aftt. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Aftt. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



### फोरेंसिक साइंस में रोजगार के नए अवसर

**फोरेंसिक साइंस** - आगामी वर्षों में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश-विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रुप में कार्य करते है। सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। बीएससी फोरेंसिक साइंस प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं गणित / जीवविज्ञान उत्तीर्ण, एमएससी फोरेंसिक साइंस हेतु बीएससी उत्तीर्ण, डिप्लोमा हेतु 12वीं उत्तीर्ण एवं पीजी डिप्लोमा हेतु बीएससी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी

**लॉ (कानून) -** लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा ।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. | ASHOK L by LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS LTD | TATA CONSULTANCY SERVICES | L&T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA LTD. | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



SCAN ME

**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

www.bhartiuniversity.org  bhartiuniversity.in@gmail.com

## खबर संक्षेप

### कासोली में बांटा गया 3 माह का राशन



**गीदम।** सोमवार को गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कासोली में चाउर तिहार का आयोजन किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत 3 माह का राशन बांटा गया। शासन की योजनानुसार खाद्यान्न चावल वितरण एकमुस्त जून, जुलाई एवं अगस्त तक का किया जा रहा हैं। इसी तरह कासोली-1 के राशन कार्डधारियों को भी 3 माह का चांवल दिया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, सरपंच शैलेश अटामी, मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर, तहसीलदार गीदम किशन मिश्रा, अजय अवस्थी, पंच सामनाथ अटामी, रतन तामो, रामा अटामी, भगत अटामी, सामो तामो, गायत्री अटामी, फूलमती कारटाम, मायावती ऊजी, सचिव रविन्द्र सोनी समेत कई नागरिक मौजूद रहे।

### युक्तियुक्तकरण से शैक्षणिक गुणवत्ता में होगा सुधार

**सुकमा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत प्रदेशभर में शालाओं के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस प्रक्रिया के तहत शिक्षक उपलब्धता, विद्यार्थियों की संख्या और विद्यालय की अधोसंरचना जैसे बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों का समायोजन किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय समिति इस कार्य के लिए जिम्मेदार होगी, जो शालाओं का भौतिक परीक्षण कर उनकी उपयुक्तता का आंकलन करेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से कम और शहरी क्षेत्रों में 30 से कम दर्ज संख्या वाले प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिन्हित किए जाएंगे। इन विद्यालयों को निकट के बड़े और संसाधनयुक्त विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। समायोजन के बाद विद्यालयों का संचालन बेहतर अधोसंरचना वाले भवनों में किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने 1 पेड़ मां के नाम में लगाए पीपल का पौधा, शिवलिंग में चढ़ाए जल और दूध....





**जगदलपुर।** कोंडागांव जिले के केशकाल क्षेत्र के ग्राम भोंगापाल में 5वीं 6वीं सदी में बुद्ध और शिव की समृद्धशाली नगरी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 1 पेड़ मां के नाम में पीपल का पौधा लगाया । उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह तथा स्थानीय विधायक नीलकंठ टेकाम के साथ प्राचीन शिव मंदिर के शिवलिंग में जल और दूध चढ़ाए । वहीं भगवान शिव की आरती उतारकर बस्तर और छतीसगढ़ में सुख शांति के लिए कामना की। वही पर धुड़मारास की तरह नौका विहार कर रोजगार चालू करने के लिए महिला समूह को नाव और अन्य सामान दियें। मुख्यमंत्री ने इस प्राचीन नगरी में शासन की प्रमुख योजना दूधारू गाय वितरण चालू की । मुख्यमंत्री ने गौमाता को फूल का हार पहनाया वही डॉ रमन सिंह ने चारा खिलाया । विधायक ने कहा कि दिनदहाड़े नक्सली यहां आंतक मचाते थे वहां पहली बार कोई मुख्यमंत्री पहुंचा हैं। विष्णुदेव साय भोंगापाल पहुंचने वाल पहले मुख्यमंत्री है। उनके साथ 15 साल मुख्यमंत्री रहे डॉ रमन सिंह भी आये । यहां आकर करोड़ो के विकास कार्यो की सौगात दी गई जो इस बीहड़ और विरान क्षेत्र के रहवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री को समस्याओं का ज्ञापन देकर निराकरण की मांग की। छाया : सुरेश रावल

### मंगनार के राशन दुकान में चावल उत्सव मनाया गया

# 3 माह का राशन समय पर और पूरी मात्रा में उपलब्ध कराया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत मंगनार और पंडेवार का दौरा किया। जिसके तहत उन्होंने ग्राम मंगनार के राशन दुकान केन्द्रों में 2 जून से प्रारंभ हुए चावल उत्सव के तहत आगामी तीन माह का एकमुश्त राशि प्रदाय योजना प्रणाली का जायजा लिया। यहा उन्होंने कहा कि हर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्नों के वितरण प्राथमिकता के साथ तीन माह का राशन समय पर और पूरी मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान

- पौधों एवं साग सब्जियों के रखरखाव तथा मत्स्य पालन तकनीक की दृष्टि से तालाबों को तैयार करने पर दिया जोर

कलेक्टर ने स्वयं वहां खाद्यान्न उठाव करने आए हितग्राहियों से चर्चा कर खाद्यान्न वितरण के संबंध में जानकारी चाहा। यहां हितग्राहियों ने उन्हें बताया कि उन्हें समय पर हर प्रकार का राशन उपलब्ध हो रहा है।

ज्ञात हो कि जिले के सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को आगामी 3 माह, जून से अगस्त तक का चावल एकमुश्त प्रदाय किया जायेगा। यह चावल माह जून में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से उठाया जा सकेगा। इसके लिए 2 जून तक समस्त उचित मूल्य दुकानों में 3 माह के खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिले में 2 जून से चावल उत्सव के साथ 3 माह का चावल एकमुश्त तथा केवल 1 माह का अन्य सामग्री जैसे शक्कर, चना, नमक एवं गुड़ का वितरण प्रारंभ होगा एवं 10 जून तक समस्त राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण पूर्ण कराने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये है। इसके तहत जिले में प्रत्येक उचित मूल्य दुकान में 1 जिला स्तरीय नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इस निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर ने ग्राम कुपेर में आधार अद्यतन अपडेटशन केंद्र का निरीक्षण किया और सभी ग्रामीणों का आधार शीघ्रता से अपडेट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत भवन की स्थिति को देखकर दीवारों में सीलन की समस्या को गंभीरता से लिया और तत्काल प्रकरण बनाकर मरम्मत हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर ग्राम पंचायत पंडेवार पहुंचे, जहां उन्होंने 7 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे एफआरए क्लस्टर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मत्स्य पालन, उद्यानिकी, कृषि और अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति देखी और फलदार पौधों तथा सब्जियों की फसल के संबंध में उचित रखरखाव पर बल दिया साथ ही तालाबों में मत्स्य पालन गतिविधियों को बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए और उपस्थित हितग्राहियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### एसडीओपी ने की मारपीट, घटना की जांच के लिए समिति गठित

**बीजापुर।** कुटरू थाना क्षेत्र में एसडीओपी कुटरू एवं उनके सुरक्षा कर्मियों द्वारा तकनीकी सहायक एवं पंचायत सचिव के साथ मारपीट किए जाने के गंभीर मामले की जांच के लिए कलेक्टर संबित मिश्रा ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। यह मामला उस समय सामने आया जब तकनीकी सहायक संतोष कुंजाम (भैरमगढ़) एवं ग्राम पंचायत उसकापटनम के सचिव बाबू राव पुलसे पंचायत के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर लौट रहे थे। लौटते समय सड़क पर वाहन को साइड न देने को लेकर उपविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) कुटरू एवं उनके सुरक्षा कर्मियों ने दोनों कर्मचारियों के साथ कथित रूप से मारपीट की। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर मिश्रा ने इसकी वस्तुस्थिति की जांच हेतु एक समिति का गठन किया है। जांच समिति में निम्न अधिकारी शामिल हैं। भुपेन्द्र कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर, बीजापुर अध्यक्ष, युलेडन यार्क, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बीजापुर सदस्य, विकास सर्वे, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैरमगढ़ सदस्य। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जांच समिति को एक सप्ताह के भीतर संपूर्ण प्रकरण की जांच कर अपनी रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी।

## वेयर हाउस में ईवीएम और वीवीपैट का किया गया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा

आज जिले के ईवीएम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट (वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल मशीनों के वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिले के कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने किया, जिसमें विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण का उद्देश्य ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव एवं भंडारण प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखी गई मशीनों की सीलिंग, कैमरा निगरानी प्रणाली, अग्निशमन व्यवस्था तथा तैनात सुरक्षा बलों की मौजूदगी की भी जांच की गई। इस दौरान कलेक्टर दुदावत ने वेयरहाउस में मौजूद अधिकारियों से मशीनों की स्थिति, नियमित चेकअप और लॉगबुक के रखरखाव के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई और उनके सवालों का संतोषजनक उत्तर भी दिया गया। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर ने बताया कि वेयरहाउस में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है और सभी मशीनें सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण जारी रहेंगे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, जिला कोषालय अधिकारी चमन प्रसाद जोशी, सुपरवाइजर अजय नायक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधायक ने माता दर्शन कर की सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्राम पंचायत मटनार एवं कोसमी एकटागुड़ा में आयोजित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होकर धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। मटनार ग्राम में स्थित माता गंगादई मंदिर एवं कोसमी के हिंगलाजिन माता मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विधायक ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानीय जनता ने मंदिर निर्माण व जीर्णोद्धार कार्य में दिए गए सहयोग के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि देवालयों का निर्माण केवल धार्मिक स्थल के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और संस्कृति के संरक्षण का माध्यम भी होता है। उन्होंने ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कामना की। बस्तर विधायक ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि हमेशा क्षेत्र की संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक आस्थाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करते हुए विधायक ने ग्राम पंचायत मटनार में महत्त्वपूर्ण घोषणाएं की हैं ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने विधायक निधि से कुल 4 लाख 75 हजार रुपये की स्वीकृति देने की घोषणा की है।

इसमें शैड निर्माण हेतु 3 लाख रुपये तथा ट्यूबवेल और नल जल व्यवस्था हेतु 1 लाख 75 हजार रुपये शामिल हैं इस निर्णय से ग्रामवासियों को न सिर्फ सामाजिक कार्यक्रमों और पंचायत बैठकों के लिए स्थान मिलेगा, बल्कि स्वच्छ पेयजल की सुविधा भी सुलभ होगी।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति रही है और आने वाले समय में क्षेत्र के हर गांव तक विकास की किरण पहुँचाई जाएगी। ग्रामवासियों ने विधायक की इस पहल पर हर्ष व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने कहा कि यह निर्णय गांव के लिए एक बड़ी सौगात है, जिससे ग्राम विकास को गति मिलेगी। इस दौरान उपस्थित रहे सरपंच नीलम कश्यप, जयराम, हरीश चंद्र नाग, बद्रीनाथ जोशी, डमरू जोशी, शंकर, सीताराम, नरसिंह, कवीनाथ, मंगलराम, दया, सुबर धन, हरिसिंह, विजय, बोंदकू, पार्वती भगचंद, नाड़ु, सोमारु नेताम, भगत, मूंगाय एवं माता बहनें व समस्त कार्यकर्त्तागण और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भारतीय सॉफ्टबॉल टीम में बीजापुर के दो खिलाड़ी



**बीजापुर।** बैंकॉक में 2 जून से 4 जून तक आयोजित होने वाली अंडर 23 मेंस सॉफ्टबॉल एशियन चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे बीजापुर के राकेश कड़ती और राकेश पुणेम। दिल्ली में तीन दिवसीय कैंप होने के बाद आज दिल्ली एयरपोर्ट से बैंकॉक के लिए टीम हुई रवाना। राकेश कड़ती जहां 11 नेशनल ओर ये उनका दूसरा इंटरनेशनल होगा इसे पहले 2023 में राकेश ने अंडर 18 जापान में आयोजित एशिया कप सॉफ्टबॉल में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वही राकेश पुणेम अब तक 3 नेशनल खेले है। बीजापुर के खिलाडियों का भारतीय टीम में चयन होने पर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा और खेल प्रभारी नारायण प्रसाद गवेल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के महासचिव ओपी शर्मा ने हार्दिक बधाइयां और उज्जवल भविष्य की कामना की है। सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार ने बताया कि एशिया कप में टॉप दो टीमों को 2026 में होने वाली वर्ल्ड कप सॉफ्टबॉल में सीधे प्रवेश मिलेगा।

# सेल्फी लेने के चक्कर में गिरा तीरथगढ़ जलप्रपात से, नाबालिग की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




सेल्फी फोटो लेने के चक्कर में यंहा तीरथगढ़ जल प्रपात में कई बड़ी घटना घट चुकी है। ऐसा ही एक मामला रविवार को तीरथगढ़ जलप्रपात में घटी। दरभा थाना प्रभारी चाणक्य नाग ने बताया कि विशाखापटनम से आये एक परिवार का 17 वर्षीय नाबालिग बालक सेल्फी फोटो लेने के दौरान ऊपर से नीचे कुंड में जा गिरा। कुछ घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने नाबालिग बालक के शव को बाहर निकाल कर पुलिस को सौपा।

विशाखापटनम से आये एक परिवार से कुल 20 से 25 सदस्य जगदलपुर ट्रेन और कैब करके पर्यटन स्थल घूमने के लिए आये हुए थे। वे सबसे पहले तीरथगढ़ जलप्रपात घूमने गए जहां सारे लोग झरने के नजदीक फोटो वीडियो ले रहें थे, इन्ही परिवार का एक सदस्य मेरीवा साईं पवन सात्विक 17 वर्षीय नाबालिग बालक झरने के नजदीक जाकर अपने मोबाइल फोन से सेल्फी फोटो लेते वक़्त पैर फिसलने से कुंड मे गिर गया, तभी इन्ही परिवार के कुछ लोंगो ने पानी मे छलांग लगाकर 17 वर्षीय बालक को दूढ़ने लगे तब तक बालक लापता हो गया। जिसकी सूचना स्थानीय लोंगो द्वारा दरभा पुलिस को दी गई, दरभा थाना प्रभारी चाणक्य नाग ने तत्काल एसडीआरएफ बुला कर बालक को कुंड से दूंढकर बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना से स्थानीय लोंगो ने कहा है कि फारेस्ट विभाग द्वारा इस पर्यटन स्थल में कोई सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया है, पर्यटकों से मनमाना शुल्क लिया जाता है परन्तु वाटरफाल के नीचे कोई गार्ड नहीं रहता है जिसकी जानकारी बाहर से आये पर्यटकों को मालूम नहीं चल पाता और सेल्फी के चक्कर में मौत से हांथ धो बैठते है।

# छठ घाट बना शराबियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



सम्पलेक्स नाला छठ घाट जो की क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक हैं और शहर का एकमात्र घाट होने का गौरव भी प्राप्त हैं। आजकल अराजकता का केंद्र बनता जा रहा हैं। घाट में शराबियों का जमावड़ा लगने से श्रद्धालुओं की भावनाये आहत हो रही हैं।

विदित हो कि बचेली छठ घाट इन दिनों शराबियों की पहली पसंद बन गया हैं। लाखों की लागत से बनी स्थानीय छठ घाट दिन में तो पितरों का तर्पण, गंगा वरण व पूजा पाठ आदि के लिए जन सामान्य का आना-जाना लगा रहता हैं। लेकिन अंधेरा होते ही, असामाजिक तत्वों और शराबियों का यहां जमघट लग जाता हैं। शराब पीकर खाली बोतलें, पानी का बोतल और अपने साथ लाई गयी तमाम चीजों को यही फेंककर चले जाते हैं, जिससे यहां की फिजा खराब हो रही हैं। हैरानी की बात हैं कि शराबियों को इस बात का भी डर नहीं हैं की छठ घाट आस्था का केंद्र हैं। हालांकि पुलिस द्वारा कभी-कभी कार्यवाही की जाती हैं, जिससे शराबियों में कुछ दिनों तक खौफ बना रहता हैं, फिर माहौल जस का तस बन जाता हैं। बिजली की व्यवस्था ना होना भी इस जमघट का एक मुख्य कारण हैं, शराबियों द्वारा अंधेरे का फायदा उठाया जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार रात होते ही छठ घाट शराबियों के लिए सबसे सुरक्षित जगह माना जाता हैं। घाट क्षेत्र में हो रही इन गतिविधियों से जनसामान्य में गहरा आक्रोश हैं। लेकिन वे सामने आने से कतराते हैं। वहां रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया की घाट न केवल धर्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह एक सांस्कृतिक धरोहर भी हैं। शराबियों का इस तरह का व्यवहार अनैतिक हैं।

# नपा अध्यक्ष ने सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



वार्ड क्रमांक 1 बंगाली कैंप के वार्डवासियों द्वारा कई वर्षों से साईं किराना स्टोर के पीछे जाने के लिए सड़क एवं पुलिया की मांग की जा रही थी। जिसके त्वरित निराकरण के लिए सोमवार से नव निर्वाचित अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा नाले के ऊपर पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है।

नाला बनने से लोगों को बहुत दूर घूम के जाना पड़ रहा था और पुलिया के उस पार जाने के लिए सकरा गली था। वार्डवासियों को आए दिन आवागमन के लिए काफी परेशानी हो रही थी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने गली में स्थित वार्डवासी से बात कर सकरे गली को बड़ा करने हेतु नगर पालिका के अधिकारी को तुरंत आदेशित किया गया और साथ ही नगर पालिका अध्यक्षा द्वारा सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। सीसी सड़क बनने से लगभग 200 परिवारों को आवागमन में सुविधा होगी।

इस अवसर सीएमओ शशि भूषण महापात्र, बबलू सिद्दकी, पार्षद के. साजी, थॉमस बाबू दुर्गम, राजकुमार सोनी, अमृत टंडन, गिरजा ठाकुर, यशोदा चुन्नम, बी रूपा रानी, इला पटेल, मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, प्रीति दुदी, विक्रम नाहक, मोहित धवन, शालिनी कर्मा, निमाई पाल, सदानंद साहू, बनमाली हरिजनजी, सरस्वती डहरिया, सागर साहा, बी.उद्देश्य, आरसी नाहक, शैलेन्द्र सिंह भावना सक्सेना मीना मांडवी तपन दास नजमुल हक आदि लोग उपस्थित थे।

